3364953/2025/SJDW(SS)
3355437/2025/SJDW(SS)

[ 1/8/2025]

"अ"
परिशिष्ट "अ"

प्रश्न सं. [ क्र. 25 ]

## कार्यालय जनपद पंचायत परासिया, जिला–छिन्दवाडा (म.प्र.)

क्र/744/मु0 कन्या विवाह/2025 परासिया 10 जून 2025
24-06-2025

प्रति,

मानननीय विधायक महोदय
विधान सभा क्षेत्र परासिया

विषयः– मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह के आयोजन के संबंध मे।

संदर्भः– आपके पत्र संख्या क.वि.स./परासिया/127/2025/303 दिनांक 22 मई 2025 के संबंध में।

उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार चाही गई जानकारी निम्नानुसार हैः–

1. शासन द्वारा नियमानुसार प्रत्येक जोडे के मान से 6000 की राशि आयोजनकर्ता निकाय को आयोजन के खर्च के लिए प्रावधानित किया गया है। जिसमें कुल 649 जोडे विवाह में उपस्थित हुए जिसमें 3894000 कुल राशि हुई।

2. भोजन, टैंट, वर माला कय करने के लिए प्रमुख समाचारपत्रो में निविदा जारी की गई थी निविदा समिति एवं निविदाकारो की उपस्थिति में निविदा खोली गई थी जिनकी निविदा दर न्यूनतम पाई गई थी उसे विवाह आयोजन समिति की बैठक जो कि दिनांक 02 अप्रैल 2025 जनपद पंचायत सभा कक्ष परासिया में आयोजित की गई थी समिति के समक्ष चर्चा के लिए रखा गया था विवाह समिति के अनुमोदन उपरांत निविदाकारो को वर्कआर्डर जारी किया गया था। जानकारी परिशिष्ठ 'अ' में संलग्न है।

3. विवाह आयोजन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार विवाह आयोजन में टैंट, भोजन, वर वधु के लिए चुनरी, मुकुट, अलगा, साफा, वर माला, बैंड बाजा, आतिशबाजी, नारता, पानी की व्यवस्था, फलेक्स, सीसीटीवी कैमरा, आमंत्रण कार्ड, विवाह संपन्न कराने के लिए गायत्री परिवार, निविदा आमंत्रण सूचना प्रमुख समाचार पत्रो में निविदा, एलईडी, ड्रोन, साउंड, फोटो, घोडे, रथ, आतिशबाजी, बिजली कनेक्शन, वेदी बनाने के लिए ईट मुरम एवं अन्य लगने वाले आवश्यक खर्चे जो भी आवश्यक हो खर्च करने का निर्णय लिया गया था। जानकारी परिशिष्ठ 'ब' में संलग्न है।

4. नियमानुसार निविदा दर के अनुसार जिला कोषालय से भुगतान किया गया है। जानकारी परिशिष्ठ 'स' में संलग्न है।

5. शासन द्वारा ग्लोबल बजट उपलब्ध कराये जाने पर जिला कोषालय में देयक लगाकर संबंधित वेंडरो के खाते में भुगतान किया गया है। व्यवस्थाओ से संबंधित शेष राशि 13718 कोषालय में शेष रही।

उपरोक्त जानकारी आपकी ओर सादर प्रेषित है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत परासिया
परासिया 10 जून 2025
24-06-2025

पृ. कमांक/744/मु0 कन्या विवाह/2025
प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन राशक्तिकरण संचालनालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय जिला छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
4. उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन राशक्तिकरण विभाग जिला छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
5. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) परासिया की ओर सादर सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत परासिया





File No. DSJDW/16/0029/2025-SS-DSJDW (Computer No. 668717)
Generated from eOffice by MANOJ KUMAR WHABLAL, Asst.SO(MKH)-Sec-2, ASSISTANT SECTION OFFICER, SOCIAL JUSTICE AND DISABLED PERSON WELFARE on 23/07/2025 10:44 am
Generated from eOffice by SANJAY HIRWEY, AG3(SH)-SS DSJDW, ASSISTANT GRADE ...